हज-2027 के लिए हज यात्रियों का.......

# ऑनलाइन डिजिटल रेंडम सिलेक्शन संपन्न- मिर्ज़ा एजाज़ बेग

## छत्तीसगढ़ से हज 2027 के लिए 787 का चयन

प्रदेश का गौरव

**रायपुर** । हज 2027 के लिए आवेदकों का ऑनलाइन डिजिटल रेंडम चयन किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के चेयरमैन मिर्ज़ा एजाज़ बेग ने आज जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया की, हज कमेटी ऑफ़ इंडिया द्वारा हज 2027 के लिए आवेदन करने वाले हज यात्रियों का, हज हाउस मुम्बई में सेंट्रलाइज्ड मोड पर ऑनलाइन डिजिटल रेंडम सिलेक्शन दिनांक 30/07/2026 को किया गया है। हज 2027 हेतु चयनित आवेदकों की सूची एवं प्रतिक्षा सूची हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट www.hajcommittee.gov.in पर उपलब्ध कराई गई है ।



उन्होंने बताया की, हज-2027 के लिए राज्य से कुल 1028 हज आवेदको के आवेदन प्राप्त हुए।

हज-2027 के लिए राज्य से 787 कंफर्म एवं 241 प्रतीक्षा सूची के हज यात्रियों का चयन हज कमेटी ऑफ़ इंडिया द्वारा किया जाकर सूची हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है। कुर्राह में चयनित हुए हज आवेदकों द्वारा यात्रा की पहली क़िस्त राशि 1,52,300/- प्रति आवेदक दिनांक 10 अगस्त 2026 तक जमा कराई जावेगी। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के दूरभाष क्रमांक 0771-4266646 पर संपर्क किया जा सकता है।